कार्यालय वन संरक्षक /क्षेत्रीय निदेशक, सा0वा0 सहारनपुर वृत्त, सहारनपुर

पत्रांक 2013/14–10 सहारनपुर 14–जनवरी 2019

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी,
वन (संरक्षण) अधिनियम–1980
उ0प्र0, लखनऊ।

विषयः– जनपद मुजफ्फरनगर में एच0पी0सी0एल0 मेरठ द्वारा एस0एच0–12ए, खतौली जानसठ मीरापुर–बिजनौर मार्ग कि0मी0 चौनेज संख्या 27.026 से 27.202 बांयी पटरी पर खसरा संख्या 1040 ग्राम सलारपुर, तहसील जानसठ, जिला–मुजफ्फरनगर में विकसित किये जा रहे रिटेल आउटलेट के पहुंच मार्ग हेतु 0.160126 हे0 संरक्षित वन भूमि (विना वृक्ष पातन) के गैर वानिकी प्रयोग से सम्बन्धित प्रस्ताव।

संदर्भः– आपका पत्रांक 1389 / 11–सी–FP/UP/others/35983/दिनाक 11.1.2019

महोदय,

उक्त संदर्भित पत्र द्वारा आन लाइन प्रस्ताव संख्या FP/UP/others/35983/2018 के सम्बन्ध में आपके उक्त संदर्भित पत्र दिनांक 11.1.2019 द्वारा लगाई गई आपत्तियों का निराकरण प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग मुजफ्फरनगर ने अपने पत्रांक 2657 / 14–1 दिनांक 11.1.2019 द्वारा प्रेषित किया गया है, जिसके कम में आपत्तियों का निराकरण निम्नानुसार प्रेषित है।

क0सं0	आपत्तियां	आख्या / निराकरण
1	ईको क्लास के अनुसार एन0पी0वी0 की गणना संलग्न है, किन्तु गणना की दर त्रुटिपूर्ण आंगणित की गयी है। अतः सही दर से गणना कर संलग्न करें।	एन0पी0वी0 की गणना सही आंगणित की गयी है, किन्तु पार्ट–2 के बिन्दु संख्या–4 में टंकणीय त्रुटि से Density 0.40 अंकित हो गयी थी, जिसे संशोधित कर सही Density 0.30 अंकित कर दी गयी है।
2	आन लाइन भाग–2 में क्षतिपूरक वनीकरण की धनराशि गलत फीड की गयी है। अतः सही धनराशि फीड करें।	आनलाईन भाग–2 में क्षतिपूरक वनीकरण की सही धनराशि रू0 75,350.00 अंकित कर दी गयी है।
3	एक प्रस्ताव की हार्ड कापी में सी0डी0 नहीं लगायी गयी है। अतः प्रस्ताव की हार्ड कापी में सी0डी0 लगायें।	प्रस्ताव के साथ सी0डी0 संलग्न कर दी गयी है।

अतः विषयांकित भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव के सम्बन्ध में लगाई गयी आपत्तियों का निराकरण उक्तानुसार इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि प्रकरण में सैद्धान्तिक अनुमति निर्गत कराने की कृपा करें।

संलग्नक– उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(वी0के0 जैन)
वन संरक्षक / क्षेत्रीय निदेशक
सहारनपुर वृत्त,
सहारनपुर

पत्रांक 2013 / 14–10दिनांकित

1– प्रतिलिपि प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, मुजफ्फरनगर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(वी0के0 जैन)
वन संरक्षक / क्षेत्रीय निदेशक
सहारनपुर वृत्त,
सहारनपुर।